**14/09**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

देशभर में आज हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। वर्ष उन्नीस सौ उनचास में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पेमा खांदू एवं उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की विविध भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने में हिंदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने हिंदी के प्रति सम्मान और प्रेम की भावना को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। वहीं, उपमुख्यमंत्री ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि यह हमारी भावनाओं, विचारों और संस्कृति को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है।

0000000000000000000000000

गृह मंत्री मामा नातुङ ने आज वरिष्ठ अधिकारियों और विभिन्न विभागों के सचिवों के साथ परामर्श बैठक की अध्यक्षता कर आगामी सेवा संकल्प उत्सव 2026 की तैयारियों की समीक्षा की।

सेवा संकल्प उत्सव का आयोजन आगामी सत्रह सितंबर से सत्रह अक्टूबर, 2026 तक किया जाएगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नातुङ ने कहा कि उन्हें राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों और विभागों से सामने आ रहे नवाचारपूर्ण विचारों और व्यावहारिक समाधानों की पहचान करना है। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत प्रभावशाली नवाचारों को आम जनता तक पहुंचाने, युवा नवाचारकर्ताओं को प्रोत्साहित करने और ऐसे समाधानों को सामने लाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिन्हें अरुणाचल प्रदेश के लोगों के लाभ के लिए पायलट आधार पर लागू कर बड़े स्तर पर विस्तार दिया जा सके।

000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने तिराप जिला बाल संरक्षण इकाई के सहयोग से आज खोंसा में “ञnow Your Rights - Protect Every Child.” विषय पर दो दिवसीय बाल अधिकार जागरूकता एवं बाल कल्याण आकलन अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तिराप उपायुक्त बादोनलुम तौसिक ने कहा कि जागरूकता और समय रहते संवेदनशील बनाना बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बच्चों को उन बातों की जानकारी दी जानी चाहिए कि असुरक्षित परिस्थितियों में क्या करना है और क्या नहीं करना है, ताकि वे ऐसी परिस्थितियों को पहचानते हुए समय पर उचित

प्रतिक्रिया दे सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा में माता-पिता पहली सुरक्षा पंक्ति हैं, जबकि संस्थानों को भी बाल अधिकारों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी पूरी करनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और समुदाय के सदस्य शामिल हुए। अभियान का मुख्य संदेश रहा कि हर बच्चे को सुरक्षित महसूस करने, उसकी बात सुने जाने और उसकी रक्षा किए जाने का अधिकार है।

000000000000000000000000000

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना PMGSY पर तीन दिवसीय सर्किल-स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम “Quality Control and Hands-on Field Training” विषय के साथ आज से यूपिया स्थित पंचायत कॉन्फ्रेंस हॉल में शुरू हुआ। ग्रामीण कार्य विभाग RWD के पोमा-यूपिया डिवीजन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य भाग लेने वाले इंजीनियर्स के सड़क निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण और कार्यों के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं में तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देना है। इससे PMGSY सड़क परियोजनाओं की गुणवत्ता और टिकाऊपन में सुधार लाने में मदद मिलेगी। उद्घाटन कार्यक्रम में चौदहवें दोईमुख विधानसभा क्षेत्र के विधायक नाबाम विवेक, पापुम पारे उपायुक्त मामू हागे सहित अन्य उपस्थित रहे।

000000000000000000000000000

भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्‌यम मंत्रालय के अंतर्गत MSME विकास एवं सुविधा कार्यालय, ईटानगर ब्रांच द्‌वारा आज पासीघाट के IGJ गवर्मेंट हायर सेकेंड्री स्कूल में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य कारीगरों और पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों की उद्‌यमिता तथा विपणन क्षमताओं को मजबूत करना था। इसके तहत उद्‌यमिता, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, डिजिटल ऑन-बोर्डिंग, वित्तीय एवं ऋण सहायता, बाजार से जुड़ाव, AI उपकरणों और निर्यात के अवसरों के बारे में जानकारी प्‌रदन की गई। कार्यक्रम में कारीगरों, पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों, उद्‌यमियों, जिला उद्‌योग केंद्र के अधिकारियों, बैंकिंग प्रतिनिधियों एवं डाक विभाग के प्रतिनिधियों द्‌वारा भाग लिया गया।

000000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्‌य के नौ ज़िलों पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, अपर सियाङ, दिबाङ वैली, लोअर दिबाङ वैली, लोहित, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के लिए अगले चौबीस घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ तेज बारिश का येलो अलर्‌ट जारे किया हैं।

000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी बिरी ताकार ने गत आठ से तेरह सितंबर, 2026 तक आयोजित जापान पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2026 में कांस्य पदक हासिल किया है। मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बिरी ताकार को उनकी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। बिरी ताकार मुख्यमंत्री खेलों में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार यानी CM ACES कार्यक्रम के लाभार्थी हैं।

000000000000000000000000000

भारत ने दुबई में खेले गए महिला एशिया कप 2026 के फाइनल में श्रीलंका को बहत्तर रनों से हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। एशिया कप के फाइनल में यह श्रीलंका पर भारत की छठी जीत है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला टी-20 एशिया कप चैंपियनशिप 2026 जीतने पर भारतीय टीम को बधाई दी है।

0000000000000000000000000000